CMYK

11th

वार्षिक रिपोर्ट | ANNUAL REPORT

2010 - 11

उद्यमशीलता को प्रोत्साहन। संपार्श्विक प्रतिभूति रहित ऋण को समर्थन

Encouraging Entrepreneurship. Enabling Collateral Free Credit

सूक्ष्म एवं लघु उद्यम क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट

(भारत सरकार एवं सिडबी द्वारा स्थापित)

Credit Guarantee Fund Trust for Micro and Small Enterprises

(Set up by Government of India and SIDBI)

CGTMSE

CMYK

अनुमोदनों की संख्या (संचयी)
Number of Credit Facilities Approved



अनुमोदनों की राशियाँ (संचयी)
Amount of Approvals (Cumulative)



विषय–सूची

01 प्रेषण–पत्र

02 अध्यक्ष का संदेश

03 मुख्य कार्यपालक अधिकारी का संदेश

04 न्यासी मंडल (यथा 28 सितंबर, 2011)

05 भारतीय अर्थव्यवस्था

06 31 मार्च, 2011 को समाप्त वर्ष के लिए सूक्ष्म एवं लघु उद्यम क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट के कामकाज की रिपोर्ट

07 लेखा–परीक्षकों की रिपोर्ट

08 तुलन पत्र एवं लेखा–विवरण

CMYK

CMYK

प्रेषण–पत्र

सूक्ष्म एवं लघु उद्यम क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट,
एमएसएमई विकास केंद्र, 7वाँ तल,
सी–11/जी ब्लॉक, बान्द्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स,
बान्द्रा (पूर्व), मुंबई 400 051

28 सितंबर, 2011

प्रति,
संयुक्त सचिव एवं विकास आयुक्त (एमएसएमई),
सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार,
विकास आयुक्त (एमएसएमई) का कार्यालय,
निर्माण भवन, 7वाँ तल, ए विंग, मौलाना आज़ाद रोड,
नई दिल्ली 110 011

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक,
भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक,
सिडबी टावर, 15 अशोक मार्ग,
लखनऊ 226 001

महोदय,

संस्थापकों, भारत सरकार तथा भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक द्वारा निष्पादित की गई ट्रस्ट की घोषणा के खंड 14.2 के अनुसार मैं एतद्द्वारा निम्नलिखित दस्तावेज अग्रेषित कर रहा हूँ–

1) ट्रस्ट की 31 मार्च, 2011 को समाप्त वर्ष के अंकेक्षित लेखों की प्रति, तथा लेखा–परीक्षकों की रिपोर्ट,

2) 31 मार्च, 2011 को समाप्त वर्ष के लिए सूक्ष्म एवं लघु उद्यम क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट के कामकाज संबंधी रिपोर्ट की प्रति।

भवदीय,

ह. /–
(यू. आर. टाटा)
मुख्य कार्यपालक अधिकारी

मुंबई
28 सितंबर, 2011

अध्यक्ष का संदेश

"सीजीटीएमएसई ने वित्तीय वर्ष 2010–11 में दो नए मुकाम हासिल किए। एक तो इसने वर्ष के दौरान 2.50 लाख गारंटी अनुमोदन प्रदान किए और दूसरे 31 मार्च, 2011 तक संचयी रूप से 5.5 लाख गारंटी अनुमोदन प्रदान किए। संचयी रूप से 31 मार्च, 2011 तक ₹ 23,846.01 करोड़ के लिए 5,51,740 गारंटी अनुमोदन प्रदान किए गए। इस प्रकार पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में कवर किए गए खातों की संख्या में 68% और गारंटीकृत राशि में 83% की वृद्धि हुई।"

अध्यक्ष का संदेश

एमएसएमई क्षेत्र भारत के सबसे बड़े क्षेत्रों में से एक है। यह बहुत तेज गति से विकसित हो रहा है। यह भारत के विनिर्माण व निर्यात में 40% से अधिक का योगदान भी करता है। इसके साथ–साथ, लगभग 7 करोड़ लोगों को इस क्षेत्र में रोजगार मिला हुआ है। एमएसएमई क्षेत्र विशाल है और देश के एक कोने से दूसरे कोने तक फैला हुआ है।

सीजीटीएमएसई, लगभग एक दशक से अस्तित्व में है और इसने एक ऐसी महत्त्वपूर्ण संस्था के रूप में खुद को स्थापित किया है जो एमएसएमई क्षेत्र की इकाइयों को कोलैटरल रहित ऋण की उपलब्धता बढ़ाने के लिए प्रयासरत है। सीजीटीएमएसई ने बैंकों द्वारा उपलब्ध कराई गई ऋण सुविधाओं के लिए गारंटी कवर प्रदान करके उनके अंदर विश्वास पैदा किया है और एमएसएमई को और अधिक उधार देने के लिए इन संस्थाओं को प्रोत्साहित किया है। यह गर्व और संतोष का विषय है कि काफी कम अवधि में ऋण गारंटी योजना (सीजीएस) के अंतर्गत कवरेज में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। सीजीटीएमएसई ने प्रौद्योगिकी का सदुपयोग किया है और इसके समस्त परिचालन ऑनलाइन है।

सीजीटीएमएसई ने वित्तीय वर्ष 2010–11 में दो नए मुकाम हासिल किए। एक तो इसने वर्ष के दौरान 2.50 लाख गारंटी अनुमोदन प्रदान किए और दूसरे 31 मार्च, 2011 तक संचयी रूप से 5.5 लाख गारंटी अनुमोदन प्रदान किए। संचयी रूप से 31 मार्च, 2011 तक ₹ 23,846.01 करोड़ के लिए 5,51,740 गारंटी अनुमोदन प्रदान किए गए। इस प्रकार पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में कवर किए गए खातों की संख्या में 68% और गारंटीकृत राशि में 83% की वृद्धि हुई।

एमएसई क्षेत्र से उठनेवाली माँग को देखते हुए, सीजीटीएमएसई ने देश भर में ऋण गारंटी योजना के बारे में जागरूकता पैदा करने के प्रयास किए हैं। अल्प–सेवित क्षेत्रों जैसे जम्मू व कश्मीर, पूर्वोत्तर क्षेत्र एवं महिला उद्यमियों के बीच जागरूकता पैदा करने और कवरेज में वृद्धि करने पर विशेष बल दिया गया।

विकास के एजेंडा को आगे बढ़ाने की दिशा में, सीजीटीएमएसई, एमएसई क्षेत्र को ऋण उपलब्धता में तेजी लाने की दिशा में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। आने वाले वर्षों में सीजीटीएमएसई सर्वांगीण विकास और नवोन्मेषन जारी रखेगा ताकि कोलैटरल–मुक्त ऋण आसानी से पहुँचे।

एमएसई क्षेत्र के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करने में प्राप्त मूल्यवान एवं अनवरत सहयोग के लिए भारत सरकार, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारतीय रिज़र्व बैंक तथा सिडबी का मैं आभारी हूँ। साथ ही, मैं सभी सदस्य ऋणदात्री संस्थाओं तथा सीजीटीएमएसई की भागीदार संस्थाओं को सीजीटीएमएसई के परिचालनों में लगातार सहयोग देने के लिए धन्यवाद ज्ञापित करता हूँ। मैं सीजीटीएमएसई की टीम को उनकी समर्पित सेवा और प्रतिबद्धता के लिए साधुवाद देता हूँ, जिसके बिना कवरेज़ का यह स्तर प्राप्त करना संभव नहीं होता।

सादर,

ह. /–
(एस. मुहनोत)

मुंबई
28 सितंबर, 2011

मुख्य कार्यपालक अधिकारी का संदेश

"वर्ष के दौरान सीजीटीएमएसई ने परिचालनों के दशक की सफल यात्रा पूरी की। इस दौरान उसने एमएसई क्षेत्र को संस्थागत ऋण की उपलब्धता सुलभ कराने में पैमाने और आकार, दोनों ही दृष्टियों से प्रभावशाली वृद्धि दर्ज की। पहले परिचालन–वर्ष में केवल 9 सदस्य ऋणदात्री संस्थाओं से शुरुआत करनेवाले सीजीटीएमएसई की पंजीकृत ऋणदात्री संस्थाओं में आज 126 बैंक/वित्तीय संस्थाएं शामिल हैं।"

मुख्य कार्यपालक अधिकारी का संदेश

वर्ष के दौरान सीजीटीएमएसई ने परिचालनों के दशक की सफल यात्रा पूरी की। इस दौरान उसने एमएसई क्षेत्र को संस्थागत ऋण की उपलब्धता सुलभ कराने में पैमाने और आकार, दोनों ही दृष्टियों से प्रभावशाली वृद्धि दर्ज की। पहले परिचालन–वर्ष में केवल 9 सदस्य ऋणदात्री संस्थाओं से शुरुआत करनेवाले सीजीटीएमएसई की पंजीकृत ऋणदात्री संस्थाओं में आज 126 बैंक/वित्तीय संस्थाएं शामिल हैं।

वर्ष 2010–11 ऋण गारंटी योजना (सीजीएस) के लिए त्वरित संवृद्धि का वर्ष रहा। सीजीटीएमएसई ने वित्तीय वर्ष 2010–11 के दौरान दो महत्त्वपूर्ण उपलब्धियाँ हासिल कीं – किसी एक वित्तीय वर्ष में 2.50 लाख से अधिक गारंटी अनुमोदन और दूसरी, 31 मार्च, 2011 तक संचयी रूप से 5.5 लाख गारंटी अनुमोदन। प्रस्तावों की संख्या की दृष्टि से पिछले वर्ष की तुलना में 68% की और गारंटीकृत अनुमोदनों की राशि की दृष्टि से 83% की वृद्धि दर्ज की गई।

इन वर्षों में सीजीटीएमएसई ने कई परिवर्तन किए हैं जो एमएसई क्षेत्र की आवश्यकताओं और सदस्य ऋणदात्री संस्थाओं की अपेक्षाओं की पूर्ति के उद्देश्य से किए गए हैं। इससे धन–वृद्धि और रोजगार सृजन के ज़रिए भारतीय अर्थव्यवस्था में समावेशी संवृद्धि हुई है। सीजीएस के अंतर्गत लगभग एक तिहाई संचयी गारंटी अनुमोदन महिलाओं/ अल्पसंख्यकों/ समाज के अन्य कमजोर वर्गों से संबंधित हैं।

सीजीटीएमएसई ने एक बहु–आयामी दृष्टिकोण अपनाया है, ताकि सभी हितधारकों जैसे बैंकों, उद्योग संघों, उद्यमियों आदि के मध्य जागरूकता पैदा की जा सके। इन प्रयासों से आनेवाले वर्षों में भी ऋण गारंटी योजना के अधीन कवरेज़ में वृद्धि और विस्तार को बल मिलेगा।

वर्ष के दौरान, सीजीटीएमएसई ने मुंबई में 01 से 06 अगस्त, 2010 के दौरान एशियन क्रेडिट सप्लिमेंटेशन इंस्टीट्यूशन्स कन्फेडरेशन (ऐक्सिक) का 20वाँ प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में 10 देशों के 13 ऋण गारंटी संगठनों से आए 33 अधिकारियों ने सक्रिय प्रतिभागिता की और अपने–अपने संगठन की ऋण गारंटी प्रणाली के संबंध में विचारों का परस्पर आदान–प्रदान किया। अब सीजीटीएमएसई गोवा में 31 अक्तूबर, 2011 से 04 नवंबर, 2011 के दौरान होनेवाले एशियन क्रेडिट सप्लिमेंटेशन इंस्टीट्यूशन्स कन्फेडरेशन (ऐक्सिक) के 24 वें सम्मेलन की मेजबानी करेगा।

सीजीटीएमएसई को विश्वास है कि वह एमएसएमई मंत्रालय, भारत सरकार, भारतीय रिज़र्व बैंक, सिडबी, विश्व बैंक, जीटीजेड, हमारी सदस्य ऋणदात्री संस्थाओं तथा अन्य हितधारकों की सक्रिय सहायता और सहयोग से एमएसई क्षेत्र को विकास और समृद्धि के नए क्षितिज तक ले जाने की दिशा में और अधिक योगदान कर पाएगा।

सादर,

ह. /–

(यू. आर. टाटा)

मुम्बई

28 सितंबर, 2011

सीजीटीएमएसई का न्यासी मंडल

यथा 28 सितंबर, 2011

श्री एस. मुहनोत, अध्यक्ष (पदेन)

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक,

भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक,

प्रधान कार्यालयः 'सिडबी टावर', 15 अशोक मार्ग, लखनऊ 226 001

श्री अमरेन्द्र सिन्हा, उपाध्यक्ष (पदेन)

संयुक्त सचिव एवं विकास आयुक्त (एमएसएमई),

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार,

ए विंग, 7वाँ तल, निर्माण भवन, मौलाना आज़ाद रोड, नई दिल्ली 110 011

श्री एम.डी. माल्या, सदस्य (पदेन)

अध्यक्ष, भारतीय बैंक संघ एवं,

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक,

बैंक ऑफ बड़ौदा, बड़ौदा कॉर्पोरेट सेंटर, सी 26, जी ब्लॉक,

बान्द्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बान्द्रा (पूर्व), मुंबई 400 051

श्री यू. आर. टाटा, सदस्य–सचिव (पदेन)

मुख्य कार्यपालक अधिकारी,

सूक्ष्म एवं लघु उद्यम क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट,

7वाँ तल, एमएसएमई विकास केन्द्र, सी–11, जी ब्लॉक,

बान्द्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बान्द्रा (पूर्व), मुंबई 400 051

भारतीय अर्थव्यवस्था

वर्ष 2008 में संयुक्त राज्य अमेरिका से शुरू हुए अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संकट के बाद वैश्विक अर्थव्यवस्था में काफी सुधार आया। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के वर्ल्ड इकॉनॉमिक आउटलुक (सितंबर 2011) के अनुसार, 2010 के दौरान वैश्विक उत्पादन में 5.1% की वृद्धि हुई, जबकि 2009 में –0.7% की गिरावट आई थी। उभरती हुई और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में मुद्रास्फीति नियंत्रित करने के लिए की गई मौद्रिक सख्ती के प्रत्युतर में कुछ नरमी के बावजूद आर्थिक वृद्धि अपेक्षाकृत समुत्थानशील रही। आशा की जाती है कि 2011 में वैश्विक उत्पादन में 4.0% की वृद्धि होगी।

भारतीय अर्थव्यवस्था ने वैश्विक वित्तीय संकट के बाद से जोरदार बेहतरी दर्शाई है। सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि 2009 में घटकर 6.8% हो गई थी। इसमें तेजी से सुधार आया और इसने 2010 में 8% तथा 2011 में 8.6% की उच्चतर वृद्धि दर्ज की। तथापि वित्तीय वर्ष 2010–11 के दौरान औद्योगिक उत्पादन सूचकांक में वृद्धि 7.8% रही, जो एक वर्ष पहले उसी अवधि के दौरान रही 10.5% से निम्नतर थी। वित्तीय वर्ष 2010–11 के दौरान विनिर्माण क्षेत्र में 8.1% (11.0%) की वृद्धि हुई। उपयोग आधारित वर्गीकरण के अनुसार, मूलभूत माल, पूँजीगत माल और अर्ध निर्मित माल में वित्तीय वर्ष 2010–11 के दौरान क्रमश: 6.3%, 9.3% तथा 8.8% की वृद्धि हुई, जबकि वित्तीय वर्ष 2009–10 में इनमें क्रमश: 7.2%, 20.9% तथा 13.6% की वृद्धि हुई थी।

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम क्षेत्र

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम क्षेत्र भारतीय अर्थव्यवस्था का एक मजबूत स्तंभ है, क्योंकि यह प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से 300 लाख इकाइयों के जरिए लगभग 700 लाख व्यक्तियों के लिए रोजगार पैदा करता है, 6000 से अधिक उत्पादों का विनिर्माण करता है, विनिर्माण उत्पादन में लगभग 45% और निर्यातों में लगभग 40% का योगदान करता है।

अनुसूचित वाणिज्य बैंकों से सूक्ष्म एवं लघु उद्यम क्षेत्र को ऋण प्रवाह भारतीय रिज़र्व बैंक के अनुसार, सूक्ष्म और लघु उद्यमों पर अनुसूचित वाणिज्य बैंकों के बकाया ऋण में वित्तीय वर्ष 2011–12 के दौरान 21.8% वृद्धि हुई और यह मार्च 2011 की समाप्ति पर ₹ 4,54,995 करोड़ हो गया, जबकि मार्च 2010 की समाप्ति पर यह ₹ 3,73,530 करोड़ था।

बैंक ऋण के क्षेत्रवार अभिनियोजन के संबंध में भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी किए गए आँकड़ों से पता चलता है कि विनिर्माण क्षेत्र पर बकाया ऋण में वित्तीय वर्ष 2010–11 में 11% की निम्नतर वृद्धि हुई (वित्तीय वर्ष 2009 में 22.1%) और सूक्ष्म एवं लघु उद्यम क्षेत्र पर कुल बकाया ऋण में इसका हिस्सा भी घटकर 50% रह गया (मार्च 2010 की समाप्ति पर 55%)। इसी अवधि में सेवा पर ऋण में वृद्धि तथा कुल सूक्ष्म एवं लघु उद्यम ऋण में सेवा क्षेत्र के हिस्से में सुधार हुआ और वे क्रमश: 35.2% (वित्तीय वर्ष 2009 में 19.2%) तथा 50% (मार्च 2010 की समाप्ति पर 45%) रहे।

नीतिगत परिवेश

दुनिया उत्तरोत्तर अधिक वैश्वीकृत होती जा रही है, प्रतिस्पर्द्धा और नवोन्मेष बढ़ रहे हैं, नवतर तथा विविध चुनौतियाँ सामने आ रही हैं। ऐसे परिवेश में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों की सहायता के उद्देश्य से भारत सरकार और भारतीय रिज़र्व बैंक ने सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों की सहायता के उद्देश्य से भारत सरकार और भारतीय रिज़र्व बैंक ने सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम क्षेत्र को प्रभावित करने वाले कई अतिसक्रिय कदम उठाए हैं, जो निम्नलिखित है :

केंद्रीय बजट 2011 – 12

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम क्षेत्र के संबंध में भारत सरकार द्वारा उठाए गए प्रमुख कदम नीचे दिए गए हैं :

- सिडबी को वर्ष 2011–12 हेतु ₹ 5000 करोड़ प्रदान किए जाएंगे, जिससे बैंकों द्वारा सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों को दिए जाने वाले वृद्धिशील ऋणों के संबंध में पुनर्वित दिया जाएगा। उक्त राशि बैंकों द्वारा प्राथमिकता क्षेत्र ऋण संबंधी लक्ष्यों की पूर्ति में रह गई कमी के फलस्वरूप जमा की गई राशि में दी जाएगी।

- वर्ष के दौरान सिडबी के पास ₹ 100 करोड़ की ''भारत अल्प वित्त ईक्विटी निधि'' सृजित करना। इससे लघुत्तर अल्प वित्त संस्थाओं को ईक्विटी प्रदान की जाएगी, जो वृद्धि को बनाए रखने तथा परिचालनों को बड़े पैमाने पर चलाने एवं उनमें दक्षता हासिल करने में उनकी मदद करेगी।

- महिलाओं का सशक्तीकरण और उनके स्व सहायता समूहों को बढ़ावा देना, ₹ 500 करोड़ सूमह निधि की ''महिला स्वसहायता समूह विकास निधि'' बनाना।

- सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को निर्देशित करना कि वे अल्पसंख्यक समुदायों को बकाया ऋण के रूप में 15% का लक्ष्य शीघ्रतिशीघ्र हासिल करें।

- सकल घरेलू उत्पाद में विनिर्माण का हिस्सा लगभग 16% से बढ़ाकर 10 वर्ष की अवधि में 25% करना।

- अनुसंधान और विकास के औपचारिक ढाँचे से इतर प्रयास करना, एक राष्ट्रीय नवोन्मेष परिषद गठित की गई है, जो भारत में नवोन्मेषों हेतु कार्ययोजना तैयार करेगी।

भारतीय अर्थव्यवस्था

- राष्ट्रीय कौशल विकास परिषद 15 करोड़ कुशल मानवशक्ति तैयार करने का अधिदेश निर्धारित लक्ष्य वर्ष 2022 से दो वर्ष पहले ही हासिल करने की ओर अग्रसर है। राष्ट्रीय कौशल विकास निधि को अगले वर्ष के दौरान ₹ 500 करोड़ की अतिरिक्त राशि प्रदान करना।

- 2000 से अधिक की आबादी वाले सभी 73,000 रिहायशी केंद्रों को बैंकिंग सुविधाएं प्रदान करने का लक्ष्य 2011–12 के दौरान पूरा किया जाएगा।

- घरेलू कंपनियों पर 7.5% के वर्तमान अधिभार को घटाकर 5% करना और साथ ही साथ न्यूनतम वैकल्पिक कर (मैट) को बही लाभ के 18% से बढ़ाकर 18.5% करना, ताकि मैट की प्रभावी दर उसी स्तर पर रहे।

भारतीय रिज़र्व बैंक की मौद्रिक और ऋण नीति

आपूर्ति पक्ष की मुद्रास्फीति के प्रभाव को नियंत्रित करने का प्रयास करने के साथ भारतीय रिज़र्व बैंक ने, लगातार बनी हुई वैश्विक अनिश्चितता की स्थिति में, अर्थव्यवस्था में बेहतरी की प्रक्रिया को घोषित करने के लिए एक मौद्रिक रूख अपनाया है। कुछ महत्वपूर्ण उपाय निम्नलिखित थे :

- सितंबर 2011 में तरलता समायोजन सुविधा के अंतर्गत रेपो दर तथा रिवर्स रेपो दर को बढ़ाकर 8.25% तथा 9.25% किया गया।

- सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम संबंधी उच्च स्तरीय कार्यदल की सिफारिशों में परिककल्पित लक्ष्यों (यथा वर्ष 2010–11 में 50%, वर्ष 2011–12 में 55% और वर्ष 2012–13 में 60% और सूक्ष्म उद्यम खातों की संख्या में 10% की वार्षिक वृद्धि और सूक्ष्म एवं लघु उद्यम क्षेत्र को ऋण में 20% की वर्ष–दर–वर्ष वृद्धि हासिल करने का अधिदेश) की बैंकों द्वारा प्राप्ति संबंधी स्थिति को दर्शाने तथा उसकी निगरानी करने के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक ने एक उपयुक्त प्ररूप तैयार किया है और उनकी सर्वोच्च स्तर पर नियमित समीक्षा की जाती है। जो बैंक लक्ष्य प्राप्त करने में पीछे हैं, उन्हें यह अधिदेश दिया गया है कि वे विनिर्दिष्ट लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए कार्य योजना प्रस्तुत करें।

- अल्प वित्त संस्था क्षेत्र के मुद्दों और सरोकारों का अध्ययन करने के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक के केंद्रीय बोर्ड की एक उप–समिति (अध्यक्ष –श्री वाई. एच. मालेगाम) गठित की गई। उक्त समिति ने अपनी रिपोर्ट जनवरी 2011 में प्रस्तुत की।

- गैर निष्पादक अग्रिमों तथा पुनर्संरचित अग्रिमों की कतिपय श्रेणियों की प्रावधानीकरण संबंधी अपेक्षाओं में निम्नवत वृद्धि :

  ✧ ''अब मानक'' के रूप में वर्गीकृत अग्रिमों पर 15% का प्रावधान करना होगा, जबकि वर्तमान में यह 10% है (अवमानक आस्ति के रूप में वर्गीकृत ''अप्रतिभूत एक्सपोज़र'' पर 10% अतिरिक्त प्रावधान, अर्थात कुल 25% का प्रावधान करना होगा, जबकि वर्तमान में यह 20% है)

  ✧ अग्रिमों का जो प्रतिभूत भाग एक वर्ष तक ''संदिग्ध'' श्रेणी में रहा है, उस पर 25% का प्रावधान करना होगा (जबकि वर्तमान में यह 20% है)

  ✧ अग्रिमों का जो प्रतिभूत भाग एक वर्ष से अधिक समय में किंतु तीन वर्ष तक ''संदिग्ध'' श्रेणी में रहा है, उस पर 40% प्रावधान करना होगा (जबकि वर्तमान में यह 30% है)

  ✧ मानक अग्रिमों के रूप में वर्गीकृत पुनर्संरचिंत खातों पर पुनर्संरचना की तिथि से प्रथम 2 वर्ष तक, अथवा पुनर्संरचना के बाद ब्याज/मूलधन के भुगतान पर ऋण स्थगन अवधि के मामले में ऋण स्थगन अवधि और तत्पश्चात 2 वर्ष की अवधि तक 2% का प्रावधान करना होगा (जबकि वर्तमान में अग्रिमों की श्रेणी के अनुसार 0.25–1.00% का प्रावधान किया जाता है)

  ✧ गैर–निष्पादक अग्रिम के रूप में वर्गीकृत पुनर्संरचित खातों को जब मानक वर्ग में उच्चीकृत किया जाएगा, तो उनके संबंध में उच्चीकरण की तिथि से प्रथम वर्ष में 2% का प्रावधान करना होगा (जबकि वर्तमान में अग्रिमों की श्रेणी के अनुसार 0.25–1.00% का प्रावधान किया जाता है)।

आर्थिक दृष्टिकोण

आईएमएफ वर्ल्ड इकॉनॉमिक आउटलुक, सितंबर 2011 के अनुसार, 2011के उत्तरार्ध में वैश्विक उत्पादन की गति तेज होने की संभावना है और आशा है कि 2011 तथा 2012 में इसमें चार–चार प्रतिशत की वृद्धि होगी। आशा है कि उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर धीरे–धीरे लगभग 2 प्रतिशत पर लौट आएगी। उभरती हुई एशिया, विशेषत: चीन तथा भारत में वृद्धि दर बहुत ऊँची बनी रहने की संभावना है और उसके बाद उप–सहारा अफ्रीका का स्थान होगा। भारत के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक ने सितंबर

2011 में अपनी मध्य तिमाही समीक्षा के दौरान यह अनुमान किया है कि वित्तीय वर्ष 2012 में वृद्धि दर 7.7% रहेगी । इसकी मुख्य वजहें होगी उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में वृद्धि की रफ्तार में कमी और उसके फलस्वरूप वैश्विक माँग और साथ ही घरेलू मांग में कमी और उद्योग तथा सेवाओं की वृद्धि दर में गिरावट। तथापि, मध्यम से दीर्घावधि में वृद्धि संभावनाएं मजूबत और टिकाऊ दिखती हैं। योजना आयोग ने 12वीं पंचवर्षीय योजना (2013–17) के लिए 9% वृद्धि का लक्ष्य रखा है, जो भारत की आर्थिक वृद्धि को तीव्रतर टिकाऊ तथा समावेशी बनाएगा, जैसा कि 12वीं पंचवर्षीय योजना के दृष्टिकोण पत्र में उल्लिखित है।

सूक्ष्म, लघु एवं उद्यम क्षेत्र की वृद्धि दर निरंतर औद्योगिक क्षेत्र और सेवा क्षेत्र से उच्चतर रही है। आशा की जाती है कि यह क्षेत्र उर्ध्वगामी वृद्धि पथ पर अग्रसर रहेगा। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम क्षेत्र के संबंध में सकारात्मक दृष्टिकोण को सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम क्षेत्र के संबंध में प्रधान मंत्री कार्य दल की सिफारिशों के समयबद्ध कार्यान्वयन, विशेष रूप से सूक्ष्म एवं लघु उद्यम ऋण को बैंकों द्वारा वार्षिक रूप से 20% बढ़ाए जाने, सूक्ष्म एवं लघु उद्यम ऋण में सूक्ष्म उद्यम क्षेत्र का हिस्सा वित्तीय वर्ष 2011 –12 तक 55% और वित्तीय वर्ष 2012–13 के दौरान 60% निर्धारित किए जाने और सूक्ष्म उद्यम ऋण खातों में 10% वार्षिक वृद्धि हेतु भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा हाल में जारी किए गए नीतिगत दिशानिर्देशों से बल मिला है।

सीजीटीएमएसई की रिपोर्ट

31 मार्च, 2011 को समाप्त वर्ष हेतु सूक्ष्म एवं लघु उद्यम क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट (सीजीटीएमएसई) के कामकाज की रिपोर्ट

भूमिका

1. सीजीटीएमएसई की समूह निधि

1.1 ट्रस्ट की समूह निधि में भारत सरकार और भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) द्वारा 4:1 के अनुपात में अंशदान किया जाता है। ट्रस्ट की प्रतिबद्ध समूह निधि ₹ 2500 करोड़ है, जिसका अंशदान भारत सरकार (₹ 2000 करोड़) तथा सिडबी (₹ 500 करोड़) द्वारा किया जाना है। वित्तीय वर्ष 2011 के दौरान ट्रस्ट को समूह निधि के प्रति ₹ 250.00 करोड़ प्राप्त हुए, जिसमें भारत सरकार ने ₹ 200.00 करोड़ और सिडबी ने ₹ 50.00 करोड़ का अंशदान किया और इस प्रकार भारत सरकार और सिडबी का अलग–अलग कुल अंशदान क्रमश: ₹ 1725.25 करोड़ तथा ₹ 431.31 करोड़ हो गया। यथा 31 मार्च, 2011 को ट्रस्ट की कुल समूह निधि ₹ 2156.56 करोड़ थी, जो कि प्रतिबद्ध समूह निधि का 86.26% है। समूह निधि में वर्षवार अंशदान का विवरण नीचे तालिका में दिया गया है :

समूह निधि में अंशदान (₹ करोड़)

वित्तीय वर्ष	भारत सरकार	सिडबी	योग
2001	100.00	25.00	125.00
2002	100.00	25.00	125.00
2003	141.62	35.40	177.02
2004	192.00	51.84	243.84
2005	211.63	49.07	260.70
2006	200.00	50.00	250.00
2007	124.00	33.00	157.00
2008	198.00	47.50	245.50
2009	122.10	34.00	156.10
2010	135.91	30.50	166.41
2011	200.00	50.00	250.00
योग	**1725.25**	**431.31**	**2156.56**

1.2 भारत सरकार और सिडबी से कुल ₹ 343.44 करोड़ का अंशदान प्राप्त किया जाना शेष है और आशा है कि यह अगले वर्ष में प्राप्त हो जाएगा। गारंटी अनुमोदनों में तीव्र वृद्धि को देखते हुए यह अनुभव किया जाता है कि समूह निधि में यथासमय उपयुक्त वृद्धि करनी होगी। इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई आरंभ कर दी गई है।

सीजीटीएमएसई समूह फंड



2. सदस्य ऋणदात्री संस्थाएं

2.1 वित्तीय वर्ष 2011 के दौरान 17 नई सदस्य ऋणदात्री संस्थाओं ने ट्रस्ट में पंजीकरण कराया और इस प्रकार यथा 31 मार्च, 2011 को पात्र ऋणदात्री संस्थाओं की कुल संख्या 126 हो गई (अनुबंध–I)। वर्तमान में 27 सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक, 19 निजी क्षेत्र के बैंक, 4 विदेशी बैंक, 67 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक और 9 अन्य वित्तीय संस्थाएं शामिल हैं। जो 17 नई संस्थाएं जुड़ी हैं, उनमें से 9 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक हैं – उत्तर बिहार ग्रामीण बैंक, सतपुरा नर्मदा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, वैनगंगा कृष्णा ग्रामीण बैंक, बलिया इटावा ग्रामीण बैंक, बन्गिया ग्रामीण विकास बैंक, झारखंड ग्रामीण बैंक, समस्तीपुर क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, शारदा ग्रामीण बैंक और सर्गुइया क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, 3 अन्य वित्तीय संस्थाएं हैं – जम्मू कश्मीर विकास वित्त निगम लि., आंध्र प्रदेश राज्य वित्तीय निगम और भारतीय निर्यात आयात बैंक, 3 निजी क्षेत्र के बैंक हैं – दि करूर वैश्य बैंक, डेवलपमेन्ट क्रेडिट बैंक तथा लक्ष्मी विलास बैंक तथा 2 विदेशी बैंक हैं – बारक्लेज़ बैंक पीएलसी तथा बैंक ऑफ़ बहरीन ऐंड कुवैत। ग्रामीण और अर्द्ध शहरी क्षेत्रों के सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों की आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु, ट्रस्ट और अधिक वित्तीय संस्थाओं का समावेश कर सदस्य ऋणदात्री संस्थाओं की सूची को और अधिक व्यापक बनाने की व्यवहार्यता पर विचार कर रहा है।

सदस्य ऋणदात्री संस्थाओं की संख्या में वृद्धि



वर्ष के दौरान, कुछ सदस्य ऋणदात्री संस्थाएं अन्य बैंकों / सदस्य ऋणदात्री संस्थाओं में विलय के कारण अस्तित्व में नहीं रह गई हैं । बलिया क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक तथा इटावा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक का परस्पर विलय होकर अब बलिया इटावा ग्रामीण बैंक बन गया है और लखनऊ क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक तथा त्रिवेणी क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक का विलय होकर इलाहाबाद यूपी ग्रामीण बैंक में हो गया है।

सदस्य ऋणदात्री संस्थाओं का संघटन



3. ऋण गारंटी योजना में संशोधन

ऋण गारंटी योजना की समीक्षा के लिए गठित कार्यदल ने अनेक अनुशसाएँ की हैं, जो संस्थापकों के विचाराधीन हैं। अनुशंसाओं की स्वीकृति होने पर ऋण गारंटी योजना में प्रणालीगत परिवर्तन किए जाएँगे।

4. ऋण गारंटी योजना के अंतर्गत परिचालन

4.1 31 मार्च 2011 की समाप्ति पर 106 सदस्य ऋणदात्री संस्थाएं गारंटी कवर प्राप्त कर रही थीं, जबकि पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान 85 सदस्य ऋणदात्री संस्थाओं ने गारंटी कवर प्राप्त किया। वित्तीय वर्ष 2011 के दौरान और यथा 31 मार्च, 2011 को संचयी रूप से सदस्य ऋणदात्री संस्थावार गारंटी अनुमोदनों का विवरण अनुबंध–II में दिया गया है।

4.2 ट्रस्ट की स्थापना से 31 मार्च, 2011 तक वर्षवार गारंटी अनुमोदनों का ब्योरा नीचे तालिका में दिया गया है :

वित्तीय वर्ष	सक्रिय सदस्य ऋणदात्री संस्थाओं की संख्या	अनुमोदित ऋण सुविधाओं की संख्या	अनुमोदित गारंटियों की राशि (₹ करोड़)	संचयी रूप से अनुमोदित गारंटियां (₹ करोड़)	औसत आकार (₹ लाख)
2001	9	951	6.06	6.06	0.63
2002	16	2296	29.52	35.58	1.28
2003	22	4955	58.67	94.25	1.18
2004	29	6603	117.60	211.85	1.78
2005	32	8451	267.46	538.62	3.16
2006	36	16284	461.91	1000.53	2.83
2007	40	27457	704.53	1705.06	2.56
2008	47	30285	1055.84	2701.59	3.48
2009	57	53708	2199.40	4824.34	4.09
2010	85	151387	6875.11	11,559.61	4.54
2011	106	254000	12589.22	23846.01	4.95
संचयी		**551740***		**23846.01**	**4.32**

*मध्यवर्ती निरसन/संशोधन के कारण वास्तविक आँकड़े बदल सकते हैं।

सीजीटीएमएसई की रिपोर्ट

अनुमोदनों की संख्या (संचयी)



4.3 सीजीटीएमएसई ने वित्तीय वर्ष 2010–11 में दो महत्त्वपूर्ण उपलब्धियाँ हासिल की हैं अर्थात् एक अकेले वित्तीय वर्ष में 2.50 लाख गारंटी अनुमोदन और 31 मार्च, 2011 को संचयी रूप में 5.5 लाख गारंटी अनुमोदन। ऋण गारंटी योजना के अंतर्गत कवरेज में निरंतर वृद्धि हुई है। वित्तीय वर्ष 2000–01 में 9 सक्रिय सदस्य ऋणदात्री संस्थाएं थी। वित्तीय वर्ष 2011 में यह संख्या 106 तक पहुँच गई है। वित्तीय वर्ष 2010–11 के दौरान 2,50,000 गारंटी अनुमोदन के लक्ष्य की तुलना में वित्तीय वर्ष 2010–11 के दौरान गारंटी अनुमोदनों की संख्या 2,54,000 हो गई है और इसकी कुल राशि ₹12589.22 करोड़ रही। पिछले वर्ष की तुलना में कवर किए गए खातों की संख्या की दृष्टि से यह वृद्धि 68% थी, जबकि गारंटीकृत राशि की दृष्टि से यह 83% थी। संचयी रूप से यथा 31 मार्च, 2011 को 5,51,740 खातों को ₹ 23,846.01 करोड़ हेतु गारंटी अनुमोदन प्रदान किया गया। ऋण गारंटी योजना के अंतर्गत कवर किए गए खातों की संख्या में तेजी से हुई वृद्धि से यह पता चलता है कि योजना को सदस्य ऋणदात्री संस्थाओं एवं देश के सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों में अब अधिक स्वीकृति मिल रही है।

सदस्य ऋणदात्री संस्थावार कवरेज

4.4 वित्तीय वर्ष 2011 के दौरान, अनुमोदित प्रस्तावों की संख्या की दृष्टि से जो पांच सदस्य ऋणदात्री संस्थाएं सबसे ऊपर थीं, वे हैं भारतीय स्टेट बैंक (₹2,170.34 करोड़ के 50,344 प्रस्ताव), बैंक ऑफ इंडिया

सदस्य ऋणदात्री संस्थावार अनुमोदन (संख्या) (संचयी)



(₹1,802.47 करोड़ के 28,280 प्रस्ताव), पंजाब नैशनल बैंक (₹1,438.86 करोड़ के 26,210 प्रस्ताव), इंडियन ओवरसीज़

अनुमोदनों की राशियाँ (संचयी)



सदस्य ऋणदात्री संस्थावार अनुमोदन (राशियाँ ₹ करोड़) (संचयी)



श्री. यू. आर. टाटा, मुख्य कार्यपालक अधिकारी, सीजीटीएमएसई, वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए आयोजित कैम्प, कामरूप, असम में दर्शकों को संबोधित करते हुए कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. सुधीर गोकरन, गवर्नर, भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा की गयी ।

पहले स्थान पर रहा। इसके बाद तमिलनाडु (₹ 980.15 करोड़ हेतु 25,755 प्रस्ताव), पश्चिम बंगाल (₹ 965.29 करोड़ हेतु 25,302 प्रस्ताव), केरल (₹ 557.30 करोड़ हेतु 20,296 प्रस्ताव) तथा कर्नाटक (₹ 943.03 करोड़ हेतु 19,779 प्रस्ताव) का स्थान रहा।

4.7 संचयी रूप से, 31 मार्च, 2011 तक सर्वाधिक कवरेज उत्तर प्रदेश (₹ 2,554.37 करोड़ हेतु 80,570 प्रस्ताव) में रहा। उसके बाद पश्चिम बंगाल (₹ 2002.17 करोड़ हेतु 55,113 प्रस्ताव), केरल (₹1,196.32 करोड़ हेतु 53,148 प्रस्ताव), तमिलनाडु

राज्यवार अनुमोदन (संख्या) संचयी)



(₹1,956.92 करोड़ हेतु 50,843 प्रस्ताव) और कर्नाटक (₹1,985.05 करोड़ हेतु 39,303 प्रस्ताव) का स्थान है।

उद्योगवार कवरेज

4.8 यथा 31 मार्च, 2011 को ऋण गारंटी योजना के अंतर्गत उद्योगवार कवरेज के आँकड़े अनुबंध IV में दिए गए हैं। इन आकंड़ों से स्पष्ट है कि

राज्यवार अनुमोदन (राशियाँ ₹ करोड़) (संचयी)



लगभग 71% गारंटियाँ 'अन्य विनिर्माण' श्रेणी में रखी गई इकाइयों (₹15922.79 करोड़ हेतु 3,92,683 प्रस्ताव) से संबंधित हैं। उसके बाद सेवा (उद्योग संबंधी) (₹ 2,056.68 करोड़ हेतु 54,904 प्रस्ताव), खाद्य उत्पाद (₹1023.75 करोड़ हेतु 20,917 प्रस्ताव), धातु उत्पाद (₹ 921.48 करोड़ हेतु 20,206 प्रस्ताव) तथा वस्त्र उत्पाद (₹ 1242.00 करोड़ हेतु 19,665 प्रस्ताव) का स्थान है।

स्तरवार कवरेज

4.9 यथा 31 मार्च, 2011 को ऋण गारंटी योजना के अंतर्गत चरणवार कवरेज के आंकड़े अनुबंध V में दिये गए हैं। वित्तीय वर्ष 2011 के दौरान मंजूर हुए अधिकांश प्रस्ताव छोटे ऋणों से संबंधित थे। ₹ 3,403.39 करोड़ हेतु 2,01,755 प्रस्ताव ₹ 5 लाख तक के ऋणों से संबंधित थे, जो कि वित्तीय वर्ष 2011 में अनुमोदित कुल गारंटियों का 79.43% है। इस स्तर के भीतर सर्वाधिक वृद्धि ₹ 1,00,001 से ₹ 2 लाख तक के ऋणों से संबंधित थी, जो कि वित्तीय वर्ष 2010 की तुलना में 139% रही। वित्तीय वर्ष 2011 में ₹12,589.22 करोड़ हेतु 2,54,000 प्रस्ताव अनुमोदित हुए, जिनमें से 80,596 प्रस्ताव (31.7%) ₹1 लाख तक के ऋण घटक वाले, 62,465 प्रस्ताव (24.6%) ₹ 1,00,001 से ₹ 2 लाख तक के ऋण घटक वाले, 58,694 प्रस्ताव (23.1 %) ₹ 2,00,001 से ₹ 5 लाख तक के ऋण घटक वाले, 24,069 प्रस्ताव (9.5%) ₹ 5,00,001 से ₹ 10 लाख तक के ऋण घटक वाले, 20,288 प्रस्ताव (8%) ₹ 10,00,001 से ₹ 25 लाख तक के ऋण घटक वाले, 5,448

सीजीटीएमएसई की रिपोर्ट

स्तरवार कवरेज (संचयी)



प्रस्ताव (2.1%) ₹ 25,00,001 से ₹ 50 लाख तक के ऋण घटक वाले और 2,440 प्रस्ताव (1%) ₹ 50 लाख से अधिक तथा ₹100 लाख तक के ऋण घटक वाले वर्ग के थे।

कवर किए गए ऋणों का औसत आकार

4.10 यदि उक्त योजना के अंतर्गत आरंभ से ही ऋणों के औसत आकार में वर्षवार वृद्धि देखी जाए, तो यह वृद्धि की प्रवृत्ति को दर्शाएगा। ऋणों का औसत आकार वित्तीय वर्ष 2001 में ₹ 0.63 लाख था और वित्तीय वर्ष 2010 में यह ₹ 4.54 लाख और वित्तीय वर्ष 2011 में यह ₹4.95 लाख हो गया, जबकि समग्र औसत ₹ 4.32 लाख है।

दावा निपटान

4.11 वित्तीय वर्ष 2011 के दौरान, ₹ 5,996.19 लाख हेतु 2,718 दावों का निपटान किया गया, जिससे 31 मार्च, 2011 तक निपटाए गए दावों की संचयी संख्या 5,236 हो गई, जो ₹11,217.92 लाख हेतु थे। प्रक्रिया सुधार के एक भाग के रूप में, दावा निपटान प्रक्रिया को पूरी तरह ऑनलाइन कर दिया गया और कार्रवाई में लगने वाले समय में और सुधार किया गया।

4.12 यह देखा जा सकता है कि 31 मार्च, 2011 को संचयी रूप से निपटाए गए कुल 5236 दावों में से लगभग 66% (3,471 दावे) 5 बैंकों से संबंधित हैं। विवरण नीचे तालिका में दिया गया है।

₹ लाख

क्रम सं.	सदस्य ऋणदात्री संस्थाएँ	सं.	राशि	कुल का प्रतिशत	
				सं.	राशि
1	केनरा बैंक	1354	1631.52	25.85	14.54
2.	यूनियन बैंक ऑफ इंडिया	737	758.96	14.07	6.76
3.	स्टेट बैंक ऑफ इंडिया	597	1422.69	11.40	12.68
4.	बैंक ऑफ इंडिया	408	1160.22	7.79	10.34
5.	पंजाब नैशनल बैंक	375	661.07	7.16	5.89
	उप – जोड़	**3471**	**5634.46**	**66.27**	**50.21**
	अखिल भारतीय योग	**5236**	**11217.92**		

4.13 यथा 31 मार्च 2011 को निपटाए गए दावों की दृष्टि से शीर्ष 5 राज्य नीचे दिए गए हैं:

₹ लाख

क्रम सं.	राज्य	सं.	राशि	कुल निपटाए गए दावों का कितने प्रतिशत	
				सं.	राशि
1.	केरल	1385	1439.83	26.45	12.83
2.	पश्चिम बंगाल	693	2064.92	13.23	18.40
3.	तमिलनाडु	640	1796.97	12.22	16.01
4.	कर्नाटक	447	1379.46	8.53	12.29
5.	उत्तर प्रदेश	433	648.70	8.26	5.78
	उप– जोड़	**3598**	**7329.88**	**68.69**	**65.31**
	अखिल भारतीय योग	**5236**	**11217.92**		

उक्त तालिका से द्रष्टव्य है कि दावों की संख्या का लगभग 69% तथा निपटान की राशि का लगभग 65% 5 राज्यों से संबंधित है।

श्री. यू. आर. टाटा, मुख्य कार्यपालक अधिकारी, सीजीटीएमएसई 23वें एसीएसआईसी सम्मेलन, सिबु, फिलीपींस में प्रशंसा पत्र प्राप्त करते हुए ।

5. जोखिम भागीदारी सुविधा

जोखिम भागीदारी सुविधा ₹ 25 करोड़ की समूह निधि से सुकर बनाई गई थी। यह निधि विश्व बैंक द्वारा सिडबी को प्रदत्त ऋण–व्यवस्था में से सिडबी द्वारा उपलब्ध कराई गई थी। यह सुविधा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को दिए गए ₹ 50 लाख से अधिक और ₹ 100 लाख तक के गारंटी रहित संपार्श्विक ऋणों हेतु प्रायोगिक परियोजना थी, जबकि उस समय प्रचलित गारंटी की उच्चतम सीमा ₹ 50 लाख प्रति उधारकर्ता थी। इस जोखिम भागीदारी सुविधा के अंतर्गत, सदस्य ऋणदात्री संस्थाओं द्वारा सूक्ष्म एवं लघु उद्यम क्षेत्र की इकाइयों को प्रदत्त ₹ 50 लाख और ₹ 100 लाख के बीच के संपार्श्विक रहित ऋण को 50% तक गारंटी सहायता प्रदान की जाती थी, बशर्ते वे कतिपय शर्तों को पूरा करें। इस समूह निधि का 1.90 गुणा लाभ उठाते हुए 64 प्रस्तावों को ₹ 47.54 करोड़ गारंटी प्रदान की गई । दिसंबर 2008 में ऋण गारंटी योजना के अंतर्गत गारंटी की उच्चतम सीमा ₹ 100 लाख कर दिए जाने के साथ ही दिसंबर 2008 से आगे जोखिम भागीदारी सुविधा को जारी नहीं रखा गया। प्रायोगिक आधार पर जोखिम भागीदारी योजना–II कार्यान्वित करने के लिए चर्चा जारी है।

6. विकास आयुक्त (हस्त शिल्प) का कार्यालय, वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार से अग्रिम निधियाँ

सदस्य ऋणदात्री संस्थाओं द्वारा हस्तशिल्प क्षेत्र के कारीगरों को प्रदत्त ऋणों के लिए गारंटी शुल्क और वार्षिक सेवा शुल्क की पूर्ति हेतु विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) ने अप्रैल 2009 में ₹ 2.80 करोड़ की अग्रिम निधियाँ सीजीटीएमएसई को दी हैं। विकास आयुक्त (हस्त शिल्प) ने इसी प्रयोजन से अगले तीन वर्ष तक ₹ 3 करोड़ प्रति वर्ष देने की वचनबद्धता की है। 31 मार्च, 2011 को सीजीटीएमएसई ने उसे दी गई ₹ 2.80 करोड़ की अग्रिम निधि में से ₹ 1.14 करोड़ का उपयोग किया है। इस योजना के अंतर्गत 31 मार्च, 2011 तक संचयी रूप से 21,423 प्रस्ताव कवर किए गए हैं । विकास आयुक्त (हथकरघा) ने हथकरघा क्षेत्र के कारीगरों को सदस्य ऋणदात्री संस्थाओं द्वारा प्रदत्त ऋणों का गारंटी शुल्क एवं वार्षिक सेवा प्रभार का व्यय पूरा करने के लिए अग्रिम निधियाँ देने के लिए हमसे संपर्क किया है। ट्रस्ट विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) के साथ की गई व्यवस्था के समान विकास आयुक्त (हथकरघा) के साथ भी व्यवस्था कर सकता है, क्योंकि इससे ऐसे ऋणों को कवर करना सुकर होगा।

7. व्यवसाय विकास प्रयास

सीजीटीएमएसई ने बैंकों, सूक्ष्म एवं लघु उद्योग संघों, सूक्ष्म एवं लघु उद्योग क्षेत्र, आदि में ऋण गारंटी योजना के विषय में जागरूकता पैदा करने के लिए प्रिंट एवं प्रेस मीडिया, कार्यशालाओं /सेमिनार के आयोजन, ज़िला /राज्य / राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से बहु–आयामी दृष्टिकोण अपनाया है। वर्ष के दौरान, ट्रस्ट ने पूरे देश में ऋण गारंटी योजना के विषय में जागरूकता पैदा करने के लिए सदस्य ऋणदात्री संस्थाओं एवं उद्योग संघों द्वारा आयोजित विभिन्न सेमिनारों /कार्यशालाओं में, सूक्ष्म एवं लघु उद्यम क्षेत्र के संबंध में भा.रि.बैंक /सरकार द्वारा आयोजित प्रदर्शनियों और बैठकों में सहभागिता की। अल्प–सेवी क्षेत्रों, जैसे जम्मू एवं कश्मीर, पूर्वोत्तर क्षेत्र और महिला उद्यमियों के बीच जागरूकता पैदा करने और कवरेज़ बढ़ाने पर विशेष ज़ोर दिया गया। सीजीटीएमएसई के अधिकारियों ने अपनी सदस्य ऋणदात्री संस्थाओं के साथ व्यवसाय विकास बैठकें भी आयोजित कीं। पूरे देश में वर्ष भर निरंतर प्रिंट मीडिया अभियान चलाए गए, ताकि योजना के बारे में अधिक जानकारी फैलाई जा सके और जागरूकता पैदा की जा सके। विभिन्न हितधारकों में सूचना प्रसार–प्रसार अभियान बड़े पैमाने पर चलाए गए।

01 अप्रैल, 2010 से 31 मार्च, 2011 की अवधि में, सीजीटीएमएसई ने 726 सेमिनारों / कार्यशालाओं / बैकरों की बैठकों /व्यवसाय विकास बैठकों में सहभागिता की और साथ ही, ऋण गारंटी योजना के विभिन्न पहलुओं के प्रति बैंक अधिकारियों /लघु उद्यमों को सुग्राह्य बनाने के लिए प्रस्तुतीकरण दिए । ये कार्यशालाएँ सामान्यत: सदस्य बैंकों /सिडबी / सीजीटीएमएसई / उद्योग संघों, आदि ने आयोजित कीं।

8. ऋण गारंटी योजना के परिचालनों का समग्र प्रभाव

सीजीटीएमएसई के परिचालनों का ऋण गारंटी–प्राप्त सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों की कुल बिक्री, निर्यात और रोज़गार के संदर्भ में अर्थव्यवस्था पर हुए सकारात्मक प्रभाव का आकलन नीचे तालिका में दिया गया है:

सूक्ष्म एवं लघु उद्यम इकाइयों / सुविधाओं की संख्या	551740
ऋण राशि (सदस्य ऋणदात्री संस्थाओं द्वारा प्रदत्त) (₹ करोड़)	23846.01
गारंटीकृत इकाइयों का अपेक्षित कुल कारोबार (₹ करोड़)*	148314.37
गारंटीकृत इकाइयों द्वारा अपेक्षित निर्यात (₹ करोड़)*	3149.43
अपेक्षित रोजगार (लाख संख्या)*	32.13
सदस्य ऋणदात्री संस्थाओं की संख्या	126

*सदस्य ऋणदात्री संस्थाओं द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार

सीजीटीएमएसई की रिपोर्ट

9. एसीएसआईसी प्रशिक्षण कार्यक्रम

सीजीटीएमएसई ने 01–06 अगस्त, 2010 को मुम्बई में 20वाँ एशियन क्रेडिट सप्लीमेंटेशन इंस्टीट्यूशन कॉनफेडरेशन (एसीएसआईसी) प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में 10 देशों के 13 क्रेडिट गारंटी संगठनों के कुल 33 अधिकारियों ने सहभागिता की। यह कार्यक्रम भारत में पहली बार आयोजित किया गया और इससे प्रतिभागियों को अपने–अपने देशों की ऋण गारंटी संबंधी कार्यप्रणाली के बारे में विचारों का आदान–प्रदान करने तथा संबंधित संगठनों में चलाई जा रही ऋण गारंटी योजनाओं को बेहतर एवं प्रभावी बनाने के संबंध में कतिपय मुद्दों को समझने का अवसर प्राप्त हुआ। सीजीटीएमएसई के मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने नवंबर, 2010 के दौरान सबू, फिलीपीन्स में आयोजित 23वें एसीएसआईसी सम्मेलन में सहभागिता की। 24वाँ एसीएसआईसी सम्मेलन नवंबर, 2011 में गोवा, भारत में आयोजित किया जाएगा।

सीजीटीएसएमई द्वारा आयोजित 20वीं एसीएसआईसी प्रशिक्षण कार्यक्रम

10. एडीएफ़आईएपी की सदस्यता

वर्ष के दौरान, ट्रस्ट ने एसोशिएशन ऑफ़ डेवलपमेन्ट फिनान्सिंग इन्स्टीट्यूशन्स इन एशिया ऐंड दि पैसिफिक की सदस्यता प्राप्त की, जो एशिया एवं पैसिफ़िक क्षेत्र में विकास संबंधी वित्तपोषण के कार्यों में संलग्न विकास बैंकों व वित्तीय संस्थाओं का सबसे बड़ा एवं प्रतिष्ठित संघ है। यह अनुभव किया गया कि एडीएफ़आईएपी की सदस्यता से सीजीटीएमएसई को बहुत लाभ प्राप्त होगा।

11. लेखापरीक्षक

11.1 मै. रे एंड रे, मुंबई को वित्तीय वर्ष 2010–11 हेतु सीजीटीएमएसई का आंतरिक लेखापरीक्षक नियुक्त किया गया है। लेखापरीक्षकों ने समूचे कंप्यूटर सिस्टम की व्यापक समीक्षा और वित्तीय लेखापरीक्षा हाथ में ली है, जिसमें राजस्व व्यय, निवेश तथा राजस्व आय को कवर किया गया है।

11.2 जैसी कि भारत के नियंत्रक और महालेखापरीक्षक ने सिफारिश की है, बोर्ड ने सनदी लेखाकारों की एक फर्म – मै. डी.सी. बोथरा एंड कं., मुंबई को वित्तीय वर्ष 2010–11 हेतु सीजीटीएमएसई का सांविधिक लेखापरीक्षक नियुक्त किया है।

12. सीजीटीएमएसई को कर से छूट

तत्कालीन वित्त मंत्री द्वारा 28 फरवरी, 2002 को प्रस्तुत और संसद द्वारा पारित वित्त विधेयक के प्रावधानों के अनुसार, आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 10 की उप धारा 23 ईबी के अंतर्गत सीजीटीएमएसई की आय को वित्तीय वर्ष 2001–02 (निर्धारण वर्ष 2002–03) से 5 वर्ष की अवधि के लिए कर भुगतान से छूट दी गई। कर से छूट वित्तीय वर्ष 2005–06 में समाप्त हो गई और उसे आगे नहीं बढ़ाया गया है। निर्धारण वर्ष 2008–09 से संबंधित पिछले वर्ष सीजीटीएमएई ने उक्त अधिनियम की धारा 11 तथा 12 के अंतर्गत छूट का दावा किया है, जिसके लिए ट्रस्ट ने मै. बंसी एस. मेहता एंड कं. की राय भी ली है। इस संबंध में ट्रस्ट ने अदा किए गए कर ₹113.45 करोड़ की वापसी हेतु आयकर विभाग को आवेदन किया है।

13. लेखा

वित्तीय वर्ष 2010–11 के दौरान, ट्रस्ट ने ₹ 407.07 करोड़ की आय अर्जित की, जिसमें मुख्यतः गारंटी शुल्क (₹ 146.00 करोड़), वार्षिक सेवा शुल्क (₹ 39.96 करोड़), निवेशों पर अर्जित ब्याज (₹ 217.99 करोड़) शामिल हैं। ट्रस्ट का विभिन्न परिचालनगत तथा प्रशासनिक व्यय ₹ 5.72 करोड़ था, जिसमें मुख्यतः स्टाफ वेतन तथा भत्ते (₹1.31 करोड़), विज्ञापन और प्रचार व्यय (₹ 1.79 करोड़), कार्यालय परिसर का किराया (₹ 0.73 करोड़), वेब हॉस्टिंग, आईटी सेवाएं तथा कंप्यूटर हेतु अन्य संबंधित प्रभार तथा सॉफ्टवेयर व्यय (₹ 0.39 करोड़) तथा अन्य व्यय शामिल हैं। कर भुगतान के पश्चात व्यय से बेशी आय ₹ 235.37 करोड़ थी। वित्तीय वर्ष 2009 से ट्रस्ट की देयता के बीमांकिक मूल्यांकन के आधार पर दावों के लिए प्रावधान किया जा रहा है। बीमांकन रिपोर्ट के आधार पर, ₹ 399.16 करोड़ के अग्रानीत प्रावधान की तुलना में यथा 31 मार्च, 2011 को दावों हेतु ₹ 224.22 करोड़ का प्रावधान किया जाना है। तथापि, यह विवेकपूर्ण समझा गया है कि मौजूदा प्रावधान में बिना किसी कमी के उसे बनाए रखा जाए और इसलिए वर्ष के दौरान, अदा दावों के बराबर ₹ 60 करोड़ का अतिरिक्त प्रावधान किया गया है।

14. समूह निधि, निवेश और जारी की गईं गारंटियाँ

वर्ष के दौरान, ट्रस्ट को अपने संस्थापकों से ₹ 250.00 करोड़ का अंशदान प्राप्त हुआ। इस राशि को, पूर्व में प्राप्त अंशदान तथा ट्रस्ट द्वारा अब तक अर्जित निवल आय के साथ बैंकों/संस्थाओं की एफडी में निवेशित कर दिया गया। निधि की समूह निधि का आकार यथा 31 मार्च, 2011 को ₹ 2,156.56 करोड़

हो गया। यथा 31 मार्च, 2011 को कुल निवेश ₹ 3,123.26 करोड़ था, जबकि पिछली वर्ष की समाप्ति पर यह ₹ 2,620.87 करोड़ था। 31 मार्च, 2011 को समाप्त वर्ष के दौरान ट्रस्ट द्वारा ₹ 10,906.88 करोड हेतु गारंटी कवर जारी किया, जिससे यथा 31 मार्च, 2011 तक जारी की गई संचयी गारंटियाँ ₹ 21,157.00 करोड़ हो गईं।

15. प्रबंध और संगठन

15.1 वित्तीय वर्ष 20010–11 के दौरान न्यासी मंडल में सिडबी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक पदेन अध्यक्ष के रूप में, अपर सचिव एवं विकास आयुक्त (एमएसएमई), सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार पदेन उपाध्यक्ष के रूप में, भारतीय बैंक संघ के अध्यक्ष पदेन सदस्य के रूप में और सीजीटीएमएसई के मुख्य कार्यपालक अधिकारी सदस्य–सचिव के रूप में शामिल थे। वित्तीय वर्ष 2010–11 के दौरान न्यासी मंडल की 2 बैठकें हुईं। यथा 31 मार्च, 2011 को मुख्य कार्यपालक अधिकारी सहित आठ अधिकारी सिडबी से सीजीटीएमएसई में प्रतिनियुक्ति पर थे।

15.2 सीजीटीएमएसई का न्यासी मंडल सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार, विकास आयुक्त (सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम) के कार्यालय, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार, विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) का कार्यालय, वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार, सिडबी, भारतीय रिज़र्व बैंक, भारतीय बैंक संघ, सीजीटीएमएसई की सदस्य ऋणदात्री संस्थाओं, जीटीजेड, विश्व बैंक, विभिन्न राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय संस्थाओं तथा एमएसई उद्योग संघों से मिले सहयोग और सहकार के प्रति आभार व्यक्त करता है।

सूक्ष्म एवं लघु उद्यम
क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट
मुम्बई
28 सितंबर, 2011

न्यासी मंडल के लिए और न्यासी मंडल की ओर से

ह. /–
(एस. मुहनोत)

अनुबंध I

सूक्ष्म एवं लघु उद्यम क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट (सीजीटीएमएसई)	
यथा 31 मार्च, 2011 सीजीटीएमएसई की सदस्य ऋणदात्री संस्थाएं	
(क) अनुसूचित वाणिज्य बैंक	(ख) क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक
(i) सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक	1 इलाहाबाद उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक
1 इलाहाबाद बैंक	2 आंध्रा प्रदेश ग्रामीण विकास बैंक
2 आंध्रा बैंक	3 आंध्रा प्रगति ग्रामीण बैंक
3 बैंक ऑफ बड़ौदा	4 आर्यावर्त ग्रामीण बैंक
4 बैंक ऑफ इंडिया	5 असम ग्रामीण विकास बैंक
5 बैंक ऑफ महाराष्ट्रा	6 बैतरनी गाम्य विकास बैंक
6 केनरा बैंक	7 बलिया इटावा ग्रामीण बैंक
7 सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया	8 बँगिया ग्रामीण विकास बैंक
8 कॉर्पोरेशन बैंक	9 बड़ौदा गुजरात ग्रामीण बैंक
9 देना बैंक	10 बड़ौदा उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक
10 आईडीबीआई बैंक लि.	11 बिहार क्षत्रिय ग्रामीण बैंक
11 इंडियन बैंक	12 कावेरी कल्पतरू ग्रामीण बैंक
12 इंडियन ओवरसीज बैंक	13 चैतन्य गोदावरी ग्रामीण बैंक
13 ओरियंटल बैंक ऑफ कॉमर्स	14 छत्तिसगड़ ग्रामीण बैंक
14 पंजाब एंड सिंध बैंक	15 चिकमंगलूर–कोडगु ग्रामीण बैंक
15 पंजाब नैशनल बैंक	16 डेक्कन ग्रामीण बैंक
16 सिंडीकेट बैंक	17 देना गुजरात ग्रामीण बैंक
17 यूको बैंक	18 दुर्ग राजनांदगाँव ग्रामीण बैंक
18 यूनियन बैंक ऑफ इंडिया	19 गुड़गाँव ग्रामीण बैंक
19 युनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया	20 हडोती क्षत्रीय बैंक
20 विजया बैंक	21 हरियाणा ग्रामीण बैंक
	22 हिमाचल ग्रामीण बैंक
(ii) भारतीय स्टेट बैंक तथा उसके सहयोगी बैंक	23 जयपुर थार ग्रामीण बैंक
1 भारतीय स्टेट बैंक	24 झारखंड ग्रामीण बैंक
2 स्टेट बैंक ऑफ इंदौर*	25 कर्नाटक विकास ग्रामीण बैंक
3 स्टेट बैंक ऑफ बीकानेर एंड जयपुर	26 काशी गोमती संयुत् ग्रामीण बैंक
4 स्टेट बैंक ऑफ हैदराबाद	27 कृष्णा ग्रामीण बैंक
5 स्टेट बैंक ऑफ मैसूर	28 लंगपी देहानगी रुरल बैंक
6 स्टेटबैंक ऑफ पटियाला	29 मध्य भारत ग्रामीण बैंक
7 स्टेट बैंक ऑफ त्रावणकोर	30 मध्य बिहार ग्रामीण बैंक

सूक्ष्म एवं लघु उद्यम क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट (सीजीटीएमएसई)

यथा 31 मार्च, 2011 सीजीटीएमएसई की सदस्य ऋणदात्री संस्थाएं

(क) अनुसूचित वाणिज्य बैंक		(ख) क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक	
(iii)	**निजी क्षेत्र के बैंक**	31	महाराष्ट्र गोदावरी ग्रामीण बैंक
1	ऐक्सिस बैंक लि.	32	मालवा ग्रामीण बैंक
2	सिटी यूनियन बैंक	33	एमजीबी ग्रामीण बैंक
3	डेवलपमेंट क्रेडिट बैंक लिमिटेड	34	मिझोराम रुरल बैंक
4	एचडीएफसी बैंक लि.	35	नैनीताल–अलमोड़ा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक
5	आईसीआईसीआई बैंक	36	नर्मदा मालवा ग्रामीण बैंक
6	इंडस्इंड बैंक	37	निलाचल ग्राम्य बैंक
7	आईएनडी वैश्य बैंक लि.	38	नॉर्थ मलाबार ग्रामीण बैंक
8	कर्नाटक बैंक लि.	39	पल्लवन ग्रामीण बैंक
9	कोटक महिन्द्रा बैंक	40	पंडयान ग्रामा बैंक
10	लक्ष्मी विलास बैंक	41	पर्वतीय ग्रामीण बैंक
11	तमिलनाड मर्केंटाइल बैंक लि.	42	प्रगति ग्रामीण बैंक
12	दि बैंक ऑफ राजस्थान लि.*	43	प्रथमा बैंक
13	द धनलक्ष्मी बैंक लिमिटेड	44	पंजाब ग्रामीण बैंक
14	दि फेडरल बैंक लि.	45	पूर्वांचल ग्रामीण बैंक
15	दि जम्मू एंड कश्मीर बैंक लि.	46	राजस्थान ग्रामीण बैंक
16	दि करूर वैश्य बैंक लि.	47	रेवा सिद्धि ग्रामीण बैंक
17	दि नैनीताल बैंक लि.	48	ऋषिकुल्य ग्राम्य बैंक
18	द साउथ इंडियन बैंक लिमिटेड	49	समस्तीपुर ग्रामीण बैंक
19	येस बैंक लिमिटेड	50	सप्तगिरि ग्रामीण बैंक
		51	सर्वा यूपी ग्रामीण बैंक
(iv)	**विदेशी बैंक**	52	सतपुड़ा नर्मदा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक
1	बारक्लेज़ बैंक पीएलसी	53	सौराष्ट्र ग्रामीण बैंक
2	बैंक ऑफ बहरीन एण्ड कुवैत	54	शारदा ग्रामीण बैंक
3	डय़ूश बैंक	55	श्रेयस ग्रामीण बैंक
4	स्टैण्डर्ड चार्टेड बैंक	56	साउथ मलाबार ग्रामीण बैंक
		57	सुरगुजा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक
		58	सतलज ग्रामीण बैंक (एसबीजी)
		59	त्रिपूरा ग्रामीण बैंक
		60	त्रिवेणी क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक

अनुबंध I

सूक्ष्म एवं लघु उद्यम क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट (सीजीटीएमएसई)

यथा 31 मार्च, 2011 सीजीटीएमएसई की सदस्य ऋणदात्री संस्थाएं

(ख) क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक

61 उत्तर बिहार ग्रामीण बैंक
62 उत्तरांचल ग्रामीण बैंक
63 उत्तरबंगा क्षत्रीय ग्रामीण बैंक
64 विर्दभा क्षत्रीय ग्रामीण बैंक
65 विदीशा भोपाल क्षत्रीय ग्रामीण बैंक
66 विश्वेश्वरया ग्रामीण बैंक
67 वेनगंगा कृष्णा ग्रामीण बैंक

(ग) ऋणदात्री संस्थाए

1 आँध्र प्रदेश राज्य वित्त निगम
2 दिल्ली वित्त निगम
3 जम्मू एण्ड काश्मीर विकास वित्त निगम लिमिटेड
4 केरला वित्त निगम
5 राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लि.
6 पूर्वोत्तर विकास वित्त निगम लि.
7 भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक
8 दि तमिलनाडु इंडस्ट्रियल इन्वेस्टमेंट कॉर्पोरेशन लि.
9 भारतीय निर्यात आयात बैंक

*
1 स्टेट बैंक ऑफ इंदैार – अब भारतीय स्टेट बैंक में आमेलित
2 दि बैंक ऑफ राजस्थान लि. – अब आईसीआईसीआई बैंक में आमेलित

अनुबंध II

सूक्ष्म एवं लघु उद्यम क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट (सीजीटीएमएसई)

वित्तीय वर्ष 2011 के दौरान सदस्य ऋणदात्री संस्था–वार अनुमोदित गारंटी तथा यथा 31 मार्च, 2011 तक का संचयी

क्रमांक	सदस्य ऋणदात्री संस्था	वित्तीय वर्ष 2011		संचयी	
		प्रस्ताव	अनुमोदित राशि (₹ लाख)	प्रस्ताव	अनुमोदित राशि (₹ लाख)
1	इलाहाबाद बैंक	12502	52969.20	26093	89685.82
2	इलाहाबाद उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक	627	1597.74	771	2023.47
3	आंध्रा बैंक	1528	7929.88	2981	13746.43
4	आँध्र प्रदेश ग्रामीण विकास बैंक	478	410.05	478	410.05
5	आँध्र प्रदेश राज्य वित्त निगम	3	87.40	3	87.40
6	आंध्रा प्रगति ग्रामीण बैंक	213	217.86	223	254.46
7	आर्यावर्त ग्रामीण बैंक	565	2470.96	895	3769.60
8	असम ग्रामीण विकास बैंक	1679	4148.27	1777	4613.75
9	ऐक्सिस बैंक लि.	229	10661.02	644	22751.80
10	बैतरनी ग्राम विकास बैंक	1248	4376.18	1288	4562.09
11	बँगीया ग्रामीण विकास बैंक	158	319.51	158	319.51
12	बैंक ऑफ बड़ौदा	6649	57809.60	15391	114390.15
13	बैंक ऑफ इंडिया	28280	180247.74	64773	376224.20
14	बैंक ऑफ महाराष्ट्रा	2214	15906.75	5495	31194.41
15	बड़ौदा गुजरात ग्रामीण बैंक	18	107.35	23	129.76
16	बड़ौदा उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक	206	961.59	274	1204.76
17	केनरा बैंक	11972	55759.31	49264	147113.38
18	कावेरी कल्पतरू ग्रामीण बैंक	8	62.14	10	107.64
19	सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया	6637	38673.91	13624	79571.29
20	चैतन्य गोदावरी ग्रामीण बैंक	7	9.42	28	49.28
21	छतीसगढ़ ग्रामीण बैंक	316	152.61	316	152.61
22	चिकमगलूर–कोडगु ग्रामीण बैंक	1	1.90	29	45.30
23	सिटी यूनियन बैंक	24	398.97	24	398.97
24	कॉर्पोरेशन बैंक	1804	11642.59	4722	29018.77
25	डेक्कन ग्रामीण बैंक	22	81.48	23	82.98
26	दिल्ली वित्त निगम	279	833.82	500	1072.87
27	देना बैंक	1259	12161.16	4550	23564.67

अनुबंध II

सूक्ष्म एवं लघु उद्यम क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट (सीजीटीएमएसई)

वित्तीय वर्ष 2011 के दौरान सदस्य ऋणदात्री संस्था–वार अनुमोदित गारंटी तथा यथा 31 मार्च, 2011 तक का संचयी

क्रमांक	सदस्य ऋणदात्री संस्था	वित्तीय वर्ष 2011		संचयी	
		प्रस्ताव	अनुमोदित राशि (₹ लाख)	प्रस्ताव	अनुमोदित राशि (₹ लाख)
28	देना गुजरात ग्रामीण बैंक	4	17.32	4	17.32
29	ड्यूश बैंक	0	0.00	17	383.50
30	दुर्ग राजनांदगांव ग्रामीण बैंक	327	536.11	1177	1473.86
31	गुड़गाँव ग्रामीण बैंक	24	65.47	33	92.03
32	हडोती क्षेत्रीय बैंक	2	1.50	3	3.00
33	हरियाणा ग्रामीण बैंक	122	277.05	163	359.39
34	एचडीएफसी बैंक लि.	765	19316.63	853	21372.13
35	हिमाचल ग्रामीण बैंक	232	1854.83	255	2131.91
36	आईसीआईसीआई बैंक	19	204.06	48	471.86
37	आईडीबीआई बैंक लि.	439	12882.50	1481	39927.12
38	इंडियन बैंक	1872	7576.49	6439	19963.34
39	इंडियन ओवरसीज़ बैंक	22856	82010.72	30693	104977.72
40	इंडसइंड बैंक	0	0.00	4	60.88
41	आईएनडी वैश्व बैंक लि.	6	195.50	73	1734.03
42	जयपुर थार ग्रामीण बैंक	397	122.84	785	205.42
43	झारखंड ग्रामीण बैंक	33	215.93	33	215.93
44	कर्नाटका ग्रामीण बैंक	1976	9648.94	1992	9709.87
45	कर्नाटक विकास ग्रामीण बैंक	3549	7320.54	5352	10657.29
46	काशी गोमती संयुत ग्रामीण बैंक	181	483.40	241	630.81
47	केरल वित्त निगम	13	299.75	13	299.75
48	कोटक महिन्द्रा बैंक	1	30.00	1	30.00
49	कृष्णा ग्रामीण विकास बैंक	39	32.44	42	36.46
50	लांगपी देहांगी ग्रामीण बैंक	127	268.49	127	268.49
51	मध्य बिहार ग्रामीण बैंक	0	0.00	14	12.90
52	एमजीबी ग्रामीण बैंक	29	50.29	50	80.81
53	मिजोरम ग्रामीण बैंक	87	315.90	87	315.90
54	नैनीताल–अलमोड़ा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक	2	11.85	5	51.10

अनुबंध II

सूक्ष्म एवं लघु उद्यम क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट (सीजीटीएमएसई)

वित्तीय वर्ष 2011 के दौरान सदस्य ऋणदात्री संस्था–वार अनुमोदित गारंटी तथा यथा 31 मार्च, 2011 तक का संचयी

क्रमांक	सदस्य ऋणदात्री संस्था	वित्तीय वर्ष 2011		संचयी	
		प्रस्ताव	अनुमोदित राशि (₹ लाख)	प्रस्ताव	अनुमोदित राशि (₹ लाख)
55	नर्मदा मालवा ग्रामीण बैंक	11	30.77	11	30.77
56	नेशनल स्मॉल इंड॰ कॉर्पो लि.	0	0.00	175	1453.66
57	नीलाँचल ग्राम्य बैंक	168	1044.26	168	1044.26
58	पूर्वोत्तर विकास वित्त निगम लि.	3	8.67	6	13.45
59	नॉर्थ मलाबार	87	161.67	116	218.63
60	ओरियंटल बैंक ऑफ कॉमर्स	5179	50326.93	7902	73175.90
61	पांड्यन ग्रामा बैंक	213	221.28	213	221.28
62	पर्वतीय ग्रामीण बैंक	97	479.28	102	507.04
63	प्रगति ग्रामीण बैंक	3	3.45	4	4.31
64	प्रथमा बैंक	1443	4357.98	2221	6706.55
65	पंजाब एंड सिंध बैंक	909	4412.46	2200	8358.02
66	पंजाब नैशनल बैंक	26210	143886.31	69318	264576.33
67	पूर्वांचल ग्रामीण बैंक	5624	8566.23	7973	11873.29
68	राजस्थान ग्रामीण बैंक	37	110.58	43	170.35
69	ऋषिकुल्य ग्राम्य बैंक	1	15.00	9	41.86
70	सर्वा यूपी ग्रामीण बैंक	1228	1081.67	1368	1212.32
71	सौराष्ट्र गामीण बैंक	27	162.94	29	169.34
72	श्रेयस ग्रामीण बैंक	30	72.10	59	86.34
73	भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक	1327	30921.06	4257	79808.48
74	साउथ मलबार ग्रामीण बैंक	4252	5785.57	5735	7614.64
75	स्टैण्डर्ड चार्टेड बैंक	403	8650.98	403	8650.98
76	स्टेट बैंक ऑफ बीकानेर एंड जयपुर	2399	6087.70	10785	16496.81
77	स्टेट बैंक ऑफ हैदराबाद	1189	5192.30	3409	14351.86
78	भारतीय स्टेट बैंक	50344	217034.90	104952	389677.74
79	स्टेट बैंक ऑफ इंदौर	568	1346.66	970	3667.13
80	स्टेट बैंक ऑफ मैसूर	2297	13315.59	3806	22714.00
81	स्टेट बैंक ऑफ पटियाला	1661	13648.67	2695	19433.57

अनुबंध II

सूक्ष्म एवं लघु उद्यम क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट (सीजीटीएमएसई)

वित्तीय वर्ष 2011 के दौरान सदस्य ऋणदात्री संस्था–वार अनुमोदित गारंटी तथा यथा 31 मार्च, 2011 तक का संचयी

क्रमांक	सदस्य ऋणदात्री संस्था	वित्तीय वर्ष 2011		संचयी	
		प्रस्ताव	अनुमोदित राशि (₹ लाख)	प्रस्ताव	अनुमोदित राशि (₹ लाख)
82	स्टेट बैंक ऑफ सौराष्ट्र	0	0.00	30	92.02
